केस स्टडी-04/2025

SPAD

जारी तिथि : 06.02.2025

घटनाक्रम:- दिनांक 03/04.02.2025 को दक्षिण मध्य रेल के सिकंदराबाद मंडल में ट्रेन क्रमांक 12295, लोको क्र. 37778, HWH/WAP-7 से कार्य करते समय हसनपर्ती रोड (HSP) अप डिस्टेंट सिग्नल "दो पीला", इनर डिस्टेंट एक पीला" व होम सिग्नल (S-89) लाल स्थिति में था। लोको पायलट ने डिस्टेंट सिग्नल को 108 Kmph तथा इनर डिस्टेंट यानी "एक पीला" संकेत को 111 kmph से पार किया और होम सिग्नल को "लाल" में 118 Kmph से पार करने के बाद गाडी 1458 मीटर आगे जाकर खड़ी हुई। (समय: 01.40 बजे)

संभावित कारण:-

- ❖ कर्मीदल की यार्ड की लर्निंग सही न होना।
- ❖ कर्मीदल ने समानांतर लाइन का होम सिग्नल को हरा स्थिति में देखकर उसे अपना समझ लेना।
- ❖ लोको पायलट द्वारा हसनपर्ती रोड (HSP) का इनर डिस्टेंट एक पीला (गति 111 Kmph) दिखने पर भी गाड़ी को कंट्रोल न करना।
- ❖ हसनपर्ती रोड (HSP) का इनर डिस्टेंट एक पीला दिखने पर भी ALP द्वारा RS वाल्व पर हाथ न रखना व समय पर RS वाल्व न खोलना।
- ❖ कर्मीदल द्वारा अपने लाइन का होम सिग्नल के संकेत लाल है, ये देखने में विफल रहना।

उपरोक्त घटना से सबक:-

- ✓ कर्मीदल को जिस सेक्शन में कार्य करना है उस सेक्शन एवं सिग्नल का सही जानकारी होनी चाहिए।
- ✓ लोको पायलट/ सहायक लोको पायलट स्टेशन/लाइन/सिग्नल नंबर के साथ हाथ के इशारे से सिग्नल के संकेत को ज़ोर से पुकारें।
- ✓ एक पीला सिग्नल मिलने के बाद, ALP ने LP को बार बार याद दिलाना चाहिए कि आगे सिग्नल लाल है और गति नियंत्रित न करने पर RS वाल्व खोल दें।
- ✓ सिग्नल एक पीला दिखने पर ALP खड़े होकर RS वाल्व पर लाल सिग्नल पर गाड़ी रुकने तक हाथ रखें व आवश्यकता पड़ने पर समय रहते RS वाल्व खोल दें
- ✓ एक पीला सिग्नल मिलने पर अगला सिग्नल लाल ही होगा, यह मानकर ट्रेन की गति हमेशा सिग्नल के अनुसार नियंत्रण में रखें।
- ✓ ALP को LP की गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए व किसी भी खतरे की स्थिति को भांपते हुए तुरंत RS वाल्व खोल देना चाहिए।

(निखिल सिंह)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.),नागपुर

नोट: केस स्टडी केवल कर्मीदल को काउन्सलिंग देने के उद्देश्य से तैयार की गई है, इसे काउन्सलिंग के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए मान्य नहीं होगा।

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।